हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026

12 श्रद्धा, संस्कृति व स्वाभिमान का संगम बना सोमनाथ...

12 विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है करियर...


## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म व हत्या के आरोप में दो के खिलाफ केस दर्ज

**हिसार।** शहर पुलिस ने युवती से दुष्कर्म व हत्या के आरोप में दो युवकों पर केस दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने भिवानी जिला के एक गांव की रहने वाली 24 साल की युवती के साथ पहले होटल के एक कमरे में दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपित युवक कमरे को बंद कर होटल से चला गया। शाम को शहर थाना पहुंचा तो मामले का पता चला। मृतका यहां के एक विश्वविद्यालय से एमएससी कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा। पुलिस ने मृतका के परिजनों के बयान पर मृतका के गांव के ही दो युवकों के खिलाफ दुष्कर्म और हत्या करने का केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। जांच अधिकारी राकेश कुमारी ने बताया कि मृतका के परिजनों के बयान पर दो लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और हत्या का केस दर्ज किया है। विसरा व स्वैब जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा।

### नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन कल

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक वैश्विक आध्यात्मिक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 13 मई को दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 13 मई को होने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित जरूरतमंद व्यक्तियों का न केवल निशुल्क ऑपरेशन होगा बल्कि दिव्यांग बंधुओं को सेवार्थ भाव से कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे।

### पिता का हत्यारोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**बरवाला।** पुलिस ने वार्ड नं. 19 में एक प्लाट में मिट्टी के नीचे दबी मिली लाश के मामले में गिरफ्तार किए गए मृतक के बड़े लड़के आरोपी राजेश को हिसार अदालत में पेश किया। थाना प्रभारी करमजीत ने बताया कि जहां पर अदालत ने इस आरोपी राजेश को एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस इस एक दिन के रिमांड में आरोपी राजेश से गहन पूछताछ करेगी।

### अब कल तक कर सकेंगे नांदेड़ यात्रा के आवेदन

**हिसार।** सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक यात्रा का लाभ देने के उद्देश्य से आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि को एक बार फिर से 13 मई तक बढ़ा दिया गया है। जिले के पात्र नागरिक अब 13 मई तक तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ की निशुल्क यात्रा के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि योजना का लाभ 60 वर्ष या उससे अधिक के नागरिक ले सकते हैं। आवेदनकर्ता की धर्मपत्नी भी योजना के लाभ के लिए पात्र होगी। 1.80 लाख रुपये तक की आय वाले परिवार योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 15 मई को जिला सिरसा रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं के लिए विशेष रेलगाड़ी रवाना होगी, जिसके माध्यम से यात्रियों को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ ले जाया जाएगा।

### भगौड़ा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पीओ स्टाफ प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र के नेतृत्व में एक पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगान गांव निवासी सज्जन के रूप में हुई है। आरोपी इससे पहले अदालत से चेक बाउंस कई साल से पीओ घोषित था। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


हिसार। पुरानी सब्जी मंडी में छोटे डंपिंग यार्ड के बाहर सड़क पर फैला कचरा।

## शहर की सड़कों पर एकत्रित हुआ करीब 2000 टन कूड़ा

# यूं ही लगे रहेंगे कचरे के ढेर, सफाई कर्मियों ने 3 दिन और बढ़ाई हड़ताल

- शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढ़ेर व गंदगी उठने का इंतजार रहे शहरवासियों को फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। सरकार की ओर से कोई बातचीत न किए जाने से नाराज नगरपालिका सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल को तीन दिन और बढ़ा दिया है। बता दें कि हरियाणा नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मचारी एक मई से हड़ताल पर हैं, जिसे 14 मई तक बढ़ा दिया गया है। हड़ताल बढ़ने के साथ ही अगले तीन दिन और शहरी क्षेत्रों से निकायों के सफाई कर्मचारी कचरा नहीं उठाएंगे।

हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। मुख्य सड़कों व गलियों की सफाई व्यवस्था भी ठप पड़ी है। एक मई से हड़ताल पर बैठे इन कर्मचारियों ने 7 मई तक का अल्टीमेटम दिया था कि उनकी मांगें मान ली जाएं या सरकार बात करे, लेकिन सरकार एवं संबंधित विभाग की ओर से कोई सकारात्मक जवाब न आने से गुस्साए कर्मचारियों ने को 11 मई तक हड़ताल बढ़ाई थी, लेकिन इस दौरान भी जब बातचीत का कोई सकारात्मक रुख नहीं आया तो कर्मचारियों ने हड़ताल को अब 14 मई तक बढ़ाने का ऐलान कर दिया।

हड़ताल के चलते निगम कार्यालय में कामकाज पूर्णतः ठप रहा। हड़ताली कर्मचारियों ने निगम प्रांगण में धरना देकर जमकर नारेबाजी की। धरने पर वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी, वे हड़ताल पर रहेंगे।

माना जा रहा है कि निगम एरिया में करीब 2000 टन से अधिक कचरा शहर में फैला हुआ है और बदबू मार रहा है। निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए डस्टबिन भी भर चुके हैं और लोग अब उसके आसपास ही कचरा डालने में लग गए हैं। गलियों में भी अब कूड़े के ढ़ेर साफ तौर पर दिखाई देने लगे हैं।


हिसार। सफाई कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते पूर्व मंत्री संपत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### निगम में आवश्यक कार्य हुए ठप

निगम कर्मचारियों की हड़ताल के चलते न केवल शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, बल्कि निगम से संबंधित अन्य कार्य भी ठप हो गए हैं। निगम से संबंधित प्रोपर्टी टैक्स, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, विवाह पंजीकरण सहित कई आवश्यक कार्य पिछले 11 दिनों से बंद है और इन कार्यों की लिस्ट लंबी होती जा रही है।

### हड़ताल जारी रहेगी : प्रधान

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू ने कहा कि 1100 से अधिक कर्मचारी पूरी तरह से हड़ताल में शामिल है। यहां तक कि निगम एरिया में डोर टू डोर कचरा उठाने वाले व शहर में सफाई कार्य करने वाले एजेंसियां के कर्मचारियों ने भी उनकी हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करती, उनकी हड़ताल जारी रहेगी। इसी के चलते हड़ताल को 14 मई तक बढाया गया है।

### कर्मचारी नेताओं को बातचीत के लिए तुरंत बुलाए सरकार

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने निगम में हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के शहरों में केवल गंदगी और कूड़े के ढेर ही नहीं पड़े हैं, बल्कि सरकार मुंह बाय लेटी पड़ी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के मेयर और प्रशासनिक अधिकारी भी कई दिनों से जनता से गायब हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को तुरंत हड़ताली सफाई कर्मचारी नेताओं को बातचीत के लिए बुलाकर उनकी समस्याओं और मांगों का समाधान करना चाहिए।

### ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

- कच्चे, अनुबंधित और आउटसोर्स कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए।
- समान काम के लिए समान वेतन और बकाया एरियर का भुगतान किया जाए।
- ठेका प्रथा खत्म कर कर्मचारियों को विभागीय रोल पर लिया जाए।
- सफाई और सीवर कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए किया जाए।
- सभी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा और अन्य भत्ते दिए जाए।
- खाली पदों पर स्थायी भर्ती और नए पद सृजित किए जाएं।
- फायर विभाग के मृत कर्मचारियों के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा और आश्रित को नौकरी दी जाए।
- पुरानी पेंशन बहाल की जाए, जोखिम भत्ते और अन्य सुविधाएं बढ़ाई जाएं।

### मांगें पूरी नहीं होने तक नहीं लौटेंगे काम पर

**नारनौंद।** नारनौंद में नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर 11वें दिन भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे व अग्निशमन विभाग की 34वें दिन की सफल हड़ताल के अध्यक्ष राज्य के महासचिव देवेंद्र लोहान, इकाई प्रधान मंसाराम व मंच का संचालन ब्लॉक प्रधान रमेश कुमार ने किया। नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन विनोद वाल्मीकि भी सफाई कर्मचारियों को समर्थन देने पहुंचे। कर्मचारियों ने कहा जब तक सरकार हमारे सफाई कर्मचारियों को मांगों को पूरा नहीं करती तब तक इनका आंदोलन जारी रहेगा। वार्ड नंबर 11 से पार्षद पिंकीपाल ने कर्मचारियों को विश्वास दिलाया की वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारियों के आंदोलन में आपके साथ है। इस अवसर पर सतीश, रणवीर, कुलदीप, राजवीर, सुंदर, कमलेश, विद्या, बलराम, प्रवीण, सुखबीर, विजयपाल आदि मौजूद रहे।

### कूड़ा ही उठ गया तो हमारी कैसी हड़ताल : राम अवतार

**उकलाना।** नगर पालिका सफाई कर्मी यूनियन के प्रधान राम अवतार लोहट ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को सोमवार को 11वें दिन पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कूड़ा ही उठ गया तो हमारी कैसी हड़ताल। हमारे लिए कूड़ा सोने से भी ज्यादा महंगा है, क्योंकि इसी से हमारे परिवारों का पालन-पोषण होता है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, लेकिन मजबूरी में आंदोलन करना पड़ रहा है। इस मौके पर रामकुमार, राजेश रंगा, सतबीर सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

## इंदिरा कॉलोनी चौक के पास दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

### डायल-112 की टीम ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल


- जगदीश कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय रोकित के रूप में हुई है। मृतक की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

इंदिरा कॉलोनी चौक के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। हादसा रविवार रात को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत के दौरान हुआ। परिजनों ने कहा कि आसपास के लोगों से मिली सूचना के अनुसार वहां तीन बाइक आपस में टकराई थी, लेकिन जब हम मौके पर पहुंचे, तो वहां सिर्फ एक ही बाइक पड़ी थी। बाइक की टक्कर में घायल एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान जगदीश कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय रोकित के रूप में हुई है। हादसे में घायलों की पहचान साहिल के रूप में हुई है। इनमें से एक साहिल सब्जी मंडी में काम करता है, जबकि दूसरा वेल्डिंग का कार्य करता है। दोनों की उम्र लगभग 17 वर्ष बताई जा रही है और दोनों जगदीश कॉलोनी के रहने वाले हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। जब वे इंदिरा कॉलोनी चौक के पास पहुंचे, तो उनकी बाइक की दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने रोकित को मृत घोषित कर दिया, तथा दोनों घायल युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद हिसार रेफर कर दिया लेकिन परिजनों ने दोनों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। दूसरी बाइक पर सवार युवकों के बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्हें भी गंभीर चोटें आई थीं और उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस घायलों के बयान दर्ज कर दुसरी बाइक पर सवार युवकों के बारे में जानकारी हासिल करने में जुटी हुई है।

## सीसवाल मर्डर केस में गांव के ही दो युवक पकड़े

**आदमपुर।** सीआई मिलगेट टीम ने आदमपुर क्षेत्र के गांव सीसवाल में हुए मर्डर मामले में दो अन्य आरोपियों को पकड़ा है। उनकी पहचान गांव के ही रवि और श्यामलाल उर्फ श्यामू के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया शर्मा ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। थाना आदमपुर निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि इस संबंध में गत एक मई को सीसवाल निवासी रामलाल बयान पर नामजद आरोपियों द्वारा उसके पुत्र राधेश्याम के साथ तेजधार हथियारों के साथ हमला करके चोट पहुंचाने पर इलाज के दौरान उसके पुत्र की मौत होने पर मामला दर्ज किया गया था।

मामले में जांच के दौरान एक आरोपी कृष्ण को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि रवि व श्यामलाल को अब गिरफ्तार किया गया है।

## भगाना गांव के तालाब में अवैध रूप से मछली पालन से 182 पशुओं की मौत!

- ग्रामीणों ने सरपंच व सचिव पर लगाया मिलीभगत का आरोप
- सीटीएम ने डीडीपीओ को दिए जांच के निर्देश
- समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को नगराधीश सुभाष चंद्र ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर आमजन से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं।

समाधान शिविर में गांव भगाना के निवासियों द्वारा गांव के सरपंच एवं ग्राम सचिव की कथित मिलीभगत से गांव के तालाब में अवैध रूप से मछली पालन करवाए जाने के कारण 182 पशुओं की मृत्यु होने संबंधी शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए नगराधीश सुभाष चंद्र ने डीडीपीओ को निष्पक्ष जांच कर निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गांव जगान के निवासियों ने गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए सीवर लाइन दबाने की मांग पर नगराधीश जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को समस्या के समाधान को लेकर आगामी कदम उठाने को कहा।


हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्ग से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

समाधान शिविर में गांव सातरोड के एक वरिष्ठ नागरिक ने अपनी पत्नी व बच्चों के खिलाफ बदसलूकी व मारपीट की शिकायत के मामले पर नगराधीश ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को संबंधित के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के लिए कहा। सेक्टर 1/4 निवासी सज्जन बेनीवाल द्वारा दी शांति हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के खिलाफ बिना इंतकाल करवाएं जमीन पर अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचने व धोखाधड़ी करने की शिकायत पर नगराधीश सुभाष चंद्र ने जिला राजस्व अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। गांव बासड़ा के एक प्रार्थी द्वारा गांव में रोड के नीचे से खेतों की सिंचाई के लिए पुलिया का निर्माण करवाने की मांग पर नगराधीश ने संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। इस अवसर पर एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 359 ग्राम हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर दबोचे

**हिसार।** पुलिस के एएनसी स्टाफ ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 359 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को काबू किया है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएनसी स्टाफ प्रभारी इंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान किशनगढ़ बस स्टेंड पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नशे के कारोबार में लिप्त मनीष उर्फ घोलू अपनी सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में हेरोइन बेचने की फिराक में तहसील कार्यालय, आदमपुर के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार की और मौके पर दबिश दी। पुलिस ने एक होटल के सामने खड़ी संदिग्ध गाड़ी की घेराबंदी कर दो युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सदलपुर ढाणी निवासी मनीष उर्फ घोलू व सिरसा जिले के गंगा गांव निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 359 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी बड़े स्तर पर नशे की सप्लाई करने की योजना बना रहे थे।

## अवैध हथियारों के साथ 3 आरोपी किए गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिल गेट प्रभारी निरीक्षक पवन के नेतृत्व में टीम ने बरवाला-जींद रोड स्थित फ्लाईओवर के पास से तीन युवकों को अवैध हथियारों सहित काबू किया गया है। आरोपियों में बरवाला के वार्ड 8 निवासी वंश उपर्फ अमनी, अजय उर्फ सीतू व सौरभ शामिल है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में वंश उर्फ अमनी से 12 बोर का एक नाली बंदूक व दो जिंदा कारतूस, अजय से दो जिंदा कारतूस व सौरभ से तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ व जांच में सामने आया है कि इन तीनों आरोपियों का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। आरोपी सौरभ पर पूर्व में लड़ाई-झगड़े के तीन केस, आरोपी वंश पर लड़ाई-झगड़े के दो व आरोपी अजय पर लड़ाई-झगड़े का एक केस दर्ज है। पुलिस के अनुसार सीआईए टीम गश्त के दौरान दौलतपुर रोड बरवाला पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर सूचना मिली कि बरवाला-जींद रोड फ्लाईओवर के पास तीन युवक अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी कर घेराबंदी की और तीनों को काबू कर लिया।

## मैरिज पैलेस की लिफ्ट टूटने से मजदूर के पैरों व हाथ में फ्रैक्चर

**हांसी।** शहर के एक मैरिज पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जहां लिफ्ट टूटने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल व्यक्ति की दोनों टांगों और एक हाथ में फ्रैक्चर आया है। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल की पहचान इंदिरा कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बताया जा रहा है कि राकेश रविवार रात को एक ठेकेदार के साथ शादी समारोह में काम करने के लिए मैरिज पैलेस में गया हुआ था। दो मंजिल ऊपर से लिफ्ट नीचे आ गिरी और लिफ्ट में सवार राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंच घायल राकेश के बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार राकेश मैरिज पैलेस की लिफ्ट में सामान रखकर ऊपर ले जा रहा था। कि इसी दौरान लिफ्ट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और लिफ्ट करीब दो मंजिल ऊपर से सीधे नीचे आ गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूरों ने तुरंत राकेश के परिजनों को सूचना दी।



### ठेकेदार ने जिम्मेदारी लेने से किया इनकार

घायल के भाई मुकेश ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस संबंध में ठेकेदार से बात की तो उसने हादसे की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। ठेकेदार का कहना था कि हादसा मैरिज पैलेस की लिफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण हुआ और इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। वहीं मैरिज पैलेस संचालक ने दावा किया कि कार्यक्रम से पहले ही उन्होंने ठेकेदार को लिफ्ट का प्रयोग न करने की चेतावनी दी थी, क्योंकि लिफ्ट में तकनीकी खराबी थी।

### परिवार ने मांगा मुआवजा

मुकेश ने बताया कि राकेश कुमार के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक साल का बेटा है। दोनों बेटियां स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं, जबकि पत्नी गृहिणी है। परिवार के भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी राकेश पर ही थी। हादसे से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है।

### ग्राम पंचायत और भूमि मित्र फाउंडेशन की अनूठी पहल

## थुराना को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए नि:शुल्क 'बर्तन बैंक' शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ग्राम पंचायत थुराना ने भूमि मित्र फाउंडेशन के सहयोग से गांव को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। गांव थुराना के पर्यावरण भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान गांव में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई और ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक 'नि:शुल्क बर्तन बैंक' का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद सुनीता रहेजा ने शिरकत की।

गांव को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से सरपंच रामदिया पन्नू की अध्यक्षता में यह मुहिम शुरू की गई है। इस बर्तन बैंक के माध्यम से गांव का कोई भी व्यक्ति अपने निजी या सार्वजनिक कार्यक्रमों में शादी, धार्मिक आयोजन या सामूहिक भोज के लिए यहां से बर्तन नि:शुल्क ले जा सकेगा। इसका मुख्य उद्देश्य डिस्पोजेबल प्लास्टिक प्लेट और कप के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करना है। गांव सरपंच और भूमि मित्र के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक का त्याग करें और इस नि:शुल्क सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुनीता रहेजा ने पंचायत और भूमि मित्र फाउंडेशन के इस सांझा प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि थुराणा ने बर्तन बैंक स्थापित कर अन्य पंचायतों के सामने मिसाल पेश की है। उन्होंने जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-भागीदारी और संस्थागत सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### पर्यावरण की बेहतरी के लिए निरंतर जारी रहेंगे प्रयास


नारनौंद : अभियान के शुरुआत में मौके पर उपस्थित भूमि मित्र फाउंडेशन के पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर गांव में एक जागरूकता अभियान की भी शुरुआत की गई, जिसके तहत लोगों को प्लास्टिक से होने वाले स्वास्थ्य और पर्यावरणीय नुकसान के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच रामदिया पानू ने विश्वास दिलाया कि पर्यावरण भवन के माध्यम से गांव के विकास और पर्यावरण की बेहतरी के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर श्याम लाल, प्रवीन कुमार, मास्टर राजबीर सिंह, अनिल पन्नू, सोनू वत्स,भूमि मित्र नसीब कुमार, अजय, सुमित सिंहमार, मुन्ना मलिक, राकेश आदि मौजूद थे।

विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई



# बचपन को शीतल छांव देते पारिवारिक मूल्य

इस बार अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम है- परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण। बाल कल्याण के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश बहुत जरूरी है। इसके लिए जरूरी है, परिवार में पारिवारिक मूल्य हों। इस तरह के स्वस्थ और खुशगवार माहौल में बच्चे अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे, उनका सर्वांगीण विकास होगा।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

छीजते पारिवारिक मूल्य आज एक बड़ी चिंता बन गए हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा नई पीढ़ी को भोगना पड़ रहा है। परिवार के बिखराव ने बच्चों से बड़ों का स्नेह और सहज सुरक्षा की छांव छीन ली है। आपाधापी में गुम अभिभावक और छोटे होते जाते परिवारों के इस दौर में बच्चों की मासूमियत खो रही है। बालमन की मनुहार करने का माहौल कहीं गुम हो गया है। सही मार्गदर्शन देने वाला अपनेपन का परिवेश नहीं बचा है। वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम फैमिली सिस्टम के बदलते पैटर्न और बचपन को सहेजने वाले विषय पर ही केंद्रित है। इस साल का विषय 'फैमिलीज, इनइक्वेलिटी एंड चाइल्ड वेलबीइंग' है। असल में परिवार, असमानता और बच्चों का वेलफेयर आपस में गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में पारिवारिक मूल्य और सामंजस्यपूर्ण परिवेश ही नई पीढ़ी को सही सुरक्षा और संबल दे सकता है।

## पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी सुरक्षा

चाइल्ड वेलबीइंग का सबसे अहम पहलू है- सुरक्षा। बच्चों की हिफाजत के मोर्चे पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। नवजात की देखभाल से लेकर टीन एज के बदलावों भरे पड़ाव तक, अपने आंगन में मिली सुरक्षा की छांव से बढ़कर कुछ नहीं होता। हर परिस्थिति में परिवारजनों से मिला स्नेह अनमोल होता है। तकलीफदेह है कि सुरक्षा का यह साया अब सिमट रहा है। पारिवारिक मूल्य का खत्म होना इसकी सबसे बड़ी वजह है। ध्यान रहे कि परिवार से मिले जीवन मूल्य बच्चों का मन थामने का काम करते हैं। बड़ों के बर्ताव में बच्चों की सेफ्टी से जुड़ा साझा भाव लाते हैं। इस वैल्यू सिस्टम के खत्म होने से बच्चों में अपराध, अकेलापन, अवसाद और आत्महत्या के आंकड़े बढ़े हैं। यह स्थिति समग्र समाज में भयभीत करने वाली है। वहीं दूसरी ओर बहुत से परिवारों में अपने ही बच्चों के मन-जीवन को घाव देने लगे हैं, जिससे अविश्वास का परिवेश बन रहा है। कुल मिलाकर पारिवारिक मूल्यों के फीके पड़ते रंग नई पीढ़ी को असुरक्षा के स्याह घेरे में ला रहे हैं। सामने आने वाली घटनाएं भी बताती हैं कि असमानता को झेलने वाले कमजोर परिवारों में बच्चे अधिक असुरक्षित होते हैं। निम्न आय वर्ग वाले घरों में पैरेंट्स अपने बच्चे की शिक्षा और मूल्यों से पहले रोजी-रोटी के बारे में सोचते हैं। यही वजह है कि चाइल्ड वेलबीइंग के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश भी आवश्यक है।

### मनोबल बढ़ाते पारिवारिक मूल्य

**बाल कल्याण** और विकास के लिए ही नहीं, बच्चों के दिलो-दिमाग को सही दिशा देने के लिए भी पारिवारिक मूल्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। परिवार से मिले संस्कार बच्चों का व्यक्तित्व और विचार दोनों बनाते हैं। पारिवारिक संस्कार न केवल चुनौतियों का सामना करने बल्कि दूसरों की भावनाओं की कद्र करने की संवेदनशीलता भी लाते हैं। इमोशनली स्वस्थ रखते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्ययन के मुताबिक बच्चे हों या वयस्क, परिवार का समर्थन दोनों के भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण फैक्टर है। परिवार ही बच्चों को सोशल स्किल्स सीखाता है। परिवार से मिलने वाले गाइडलाइंस अपने देश से जोड़ने वाली सही समझ पोसते हैं। बच्चों को पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने के साथ आगे बढ़ने के लिए संसाधन भी परिवार ही देता है।



फैमिली से मिला साथ-स्नेह और मार्गदर्शन देश के भावी नागरिकों के जीवन को मनोबल की मजबूत बुनियाद देता है। हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट का रिसर्च कहता है कि परिवार के नजदीकी संबंध इंसान को खुशहाल बनाते हैं। फिर नई पीढ़ी के लिए तो परिवार ही पूरा संसार होता है। इस संसार में करीबी अपनों से मिली हर सार्थक सीख जिंदगी को हिम्मत से जीने का बल देती है। नेशनल काउंसिल ऑफ फैमिली रिलेशंस के मुताबिक, 'पारिवारिक मूल्य इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुरक्षा, मार्गदर्शन, स्नेह और समर्थन के स्रोत के रूप में एक आधार प्रदान करते हैं। पारिवारिक मूल्य सिखाकर बच्चों को भविष्य में गलत निर्णय लेने से बचाया जा सकता है।'

## सरोकारी सोच को बल

इंटरनेशनल-डे ऑफ फैमिलीज, परिवार के प्रति प्रेम और समर्पण को रेखांकित करने के साथ ही सामाजिक संरचना में परिवार की भूमिका को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। पारिवारिक मूल्य ही सोशल सिस्टम में परिवार के रोल को महत्वपूर्ण बनाते हैं। देखने में आ रहा है कि पारिवारिक मूल्यों का सिमटना, सरोकारी सोच और समानता के भाव को भी कम कर रहा है। किसी भी स्तर पर असमानता और जिम्मेदार सोच की कमी व्यक्तिगत जीवन ही नहीं, समाज और देश के लिए भी नुकसानदेह है। ऐसे में समाज, देश और स्वयं इंसानों के अस्तित्व को बचाने के लिए भी पारिवारिक मूल्यों को बचाना आवश्यक है। फैमिली सिस्टम में समानता का होना, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर सहजता का परिवेश बनाता है। 'जरनल ऑफ एडोल्सेंस' में छपी रिसर्च के मुताबिक गरीब पृष्ठभूमि वाले परिवार के बच्चों को विशेष मदद की दरकार होती है। ऐसे बच्चे जानकारी जुटाने में भी कमजोर होते हैं। उनमें भावनात्मक और व्यावहारिक परेशानियां अधिक होती हैं। अभावों के बीच पलने वाले बच्चे डिप्रेशन और एंग्जाइटी के ज्यादा शिकार हो सकते हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में सरोकारी समझ पोसने के साथ ही आय, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की इनइक्वेलिटी मिटाने का संदेश देने वाली इस वर्ष की थीम बहुत अहम है। बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए समानता का धरातल बनाते हुए परिवारों को मजबूत सामाजिक और आर्थिक सहायता सिस्टम से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। स्पष्ट है कि पारिवारिक सिस्टम को मजबूती दिए बिना बच्चों को सुरक्षित भविष्य नहीं दिया जा सकता। ऐसे में जिन परिवारों के हालात कमजोर हों, समाज की सरोकारी सोच हर तरह से सहारा दे सकती है।

## चुनौती और चेतावनी

आज के समय में एक ओर पारिवारिक मूल्यों को बचाना चुनौती है तो दूसरी ओर इनसे बढ़ती दूरी एक बड़ी चेतावनी है। इस स्थिति से जूझने के लिए हर परिवार को अवेयर होना होगा। नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों के सिखाने के साथ ही, सामाजिक लेवल पर भी बराबरी और आपसी समझ का परिवेश बनाना होगा। यूं भी अच्छे पारिवारिक मूल्य ही अच्छा समाज बनाते हैं। सशक्त समाज ही मजबूत राष्ट्र बनाता है। आम से लगने वाले ये नैतिक दिशा-निर्देश सदा से ही खास मानवीय भावों को खाद-पानी देते हैं। स्वस्थ जीवन और स्पष्ट-सधी सोच वाले नागरिक बनाते हैं। मौजूदा दौर की अधिकतर समस्याओं का हल फैमिली सिस्टम के जुड़ाव से निकाला जा सकता है।

# मिड एज में दिखेंगी स्मार्ट



अकसर बढ़ती उम्र में महिलाएं सोचने लगती हैं कि अब सजने-संवरने की उम्र बीत गई, अब सजे-संवरे तो लोग क्या कहेंगे? लेकिन आप अगर स्मार्ट लुक मेंटेन करती हैं तो आपकी पर्सनालिटी निखरने के साथ ही आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। इसके लिए क्या करें, जानिए।

जीवनशैली
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर 45-50 की उम्र पार करते ही महिलाएं यह कहते सुनी जाती हैं, 'अरे इस उम्र में क्या सजना-संवरना!' देखा जाए तो उम्र सिर्फ एक नंबर होता है, आप किसी भी उम्र की हों सजना, संवरना, फैशनेबल ड्रेस पहनना न सिर्फ आपका अधिकार है बल्कि आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाने के लिए भी बहुत आवश्यक है। उम्र के हर पड़ाव पर मौसम, फैशन और अवसर के अनुकूल स्टाइल करके आप हर कहीं स्मार्ट-अट्रैक्टिव दिख सकती हैं।



**उम्र को भूल जाएं:** कोई ड्रेस पहनते समय अपनी उम्र को याद रखने की जगह इसे भूल जाएं। जो भी फैशन और स्टाइल करने का आपका मन कर रहा है, उसे बिना हिचक के अपनाएं। लोग क्या कहेंगें की परवाह किए बिना अपने दिल की सुनें, क्योंकि आप चाहे जो भी करें लोगों को तो कुछ न कुछ कहना ही होता है।

**मनमाफिक हो ड्रेस कलर:** मिड एज की महिलाएं आमतौर पर मानती हैं कि इस उम्र में डार्क कलर्ड ड्रेसेस अच्छी नहीं लगती हैं। ऐसी सोच सही नहीं है। आप ब्लैक, नेवी ब्लू, मैरून और डार्क ग्रीन जैसे कलर्स की ड्रेसेस बेफिक्र होकर पहनें। ये आप पर बहुत फबेंगे। ध्यान रखिए कि उम्र का रंग से कोई संबंध नहीं होता। आप हर उस कलर की ड्रेस को पहन सकती हैं, जो आपको पसंद हो और आपकी पर्सनालिटी को आकर्षक बनाए।

**अपने वजन पर रखें कंट्रोल:** उम्र बढ़ने के साथ-साथ अकसर महिलाएं अपने बढ़ते वजन के प्रति भी लापरवाह हो जाती हैं। अपनी डाइट को कंट्रोल में रखने के साथ-साथ प्रतिदिन योगा, वॉकिंग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, जिससे आपका शरीर एक्टिव और वजन नियंत्रण में रहेगा। इससे हर तरह की ड्रेस आप पर सूट करेगी। आप स्मार्ट नजर आएंगी।

**फैशन का रखें ध्यान:** आजकल बड़े ज्योमेट्रिकल, फ्लोरल और पोल्का डॉट्स प्रिंट के साथ-साथ हैवी एंब्रॉयडरी वाले प्रिंट्स वाली ड्रेसेस भी खूब चलन में हैं। आप इनमें से किसी भी प्रिंट के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। आजकल कोर्ड सेट भी फैशन में हैं, इन्हें पहनकर आप फैशनेबल ही नहीं स्टाइलिश भी लगेंगी।

**हेयर स्टाइल से नया लुक:** आउटफिट के साथ-साथ हेयर स्टाइल पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आमतौर पर मिडएज महिलाएं चोटी या जूड़ा बांधना पसंद करती हैं। इसकी जगह खुले बाल या लेयर्ड और शॉर्ट हेयर कट से आप अपने बालों को नया लुक दे सकती हैं। इससे बढ़ी उम्र में भी आप यंग और स्मार्ट लगेंगी। बालों के वॉल्यूम को बढ़ाने के लिए हमेशा अच्छे ब्रांडेड हेयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करें। इससे आपके बाल कमजोर नहीं होंगे और उनकी शाइन बनी रहेगी, जो आपकी बढ़ी उम्र को कम करके दिखाएगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- मेकअप ऐसा करें, जो आपके कॉम्प्लेक्शन को निखारे और आपकी पर्सनालिटी को यंग लुक दे।
- अपने आउटफिट और अवसर के अनुकूल ऑक्सिडाइज्ड, गोल्ड, सिल्वर या एंटीक ज्वेलरी पहन सकती हैं।
- आपके ओवरऑल लुक पर फुटवियर भी अफेक्ट करता है, आप ब्लॉक हील, हाई हील, किटेन हील या फिर स्नीकर्स को पहन सकती हैं।
- मिड एज में भी आप अपनी कोई भी मनपसंद आउटफिट पहन सकती हैं, बशर्ते उसे पहनकर अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें।
- आउटफिट से मैच करता कोई भी स्लिंग या साइड बैग आपकी लुक को यंग टच देगा।

लिविंग रूम घर का एक ऐसा स्थान होता है, जहां पर फैमिली मेंबर्स आराम से बैठकर टाइम स्पेंड करते हैं, रिलैक्स होते हैं। अगर आप चाहती हैं आपका लिविंग रूम, कंफर्टेबल होने के साथ स्टाइलिश भी दिखे तो यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# स्टाइल-कंफर्ट का कॉम्बिनेशन आपका लिविंग रूम दिखेगा अट्रैक्टिव

इंटीरियर
ललिता गोयल



अगर घर में सुकून के कोने की बात करें तो वह लिविंग रूम ही होता है। लिविंग रूम किसी भी घर का दिल होता है। यही वह जगह होती है, जहां न केवल आप मेहमानों का स्वागत करती हैं, शाम या फुर्सत के पलों में परिवार के साथ सुकून के पल बिताती हैं। दिन भर की बातों को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। ऐसे में घर के इस खास जगह का इंटीरियर सुकून भरा होना और स्पेशल होना भी जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ आसान तरीके, जिनसे आप अपने लिविंग रूम को बना सकती हैं, स्टाइल और सुकून का परफेक्ट कॉम्बिनेशन।

**कुशन कवर:** लिविंग रूम को हल्के और कंट्रास्ट कलर के अलग-अलग टेक्सचर और पैटर्न वाले कुशन कवर से रिच लुक दें। यह बदलाव पूरे कमरे की वाइब बदल देता है।

**फर्नीचर का प्लेसमेंट:** लिविंग रूम का फर्नीचर ऐसा रखें, जो आपस में कलेक्टेड हो लेकिन यह रूम में चलने-फिरने की जगह को न रोके।

**कलर ऑप्शस:** अगर लिविंग रूम छोटा है, तो व्हाइट, क्रीम या लाइट ग्रे कलर चुनें। इससे कमरा बड़ा और प्यारा दिखता है।

**दीवारें:** खाली दीवारें रूम को बोरिंग बनाती हैं। दीवारों पर पुराने फोटो फ्रेम या प्रिंटेड पोस्टर लगाएं। आप फैमिली फोटो का कोलाज या कुछ बजट-फ्रेंडली पेंटिंग्स से भी डेकोरेट कर सकती हैं। पुरानी कांच की कुछ बोतलों को खुद से पेंट करके इनमें लाइट लगाकर अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**इंडोर प्लांट्स:** ग्रीनरी हमेशा लग्जरी फील देती है। इंडोर प्लांट्स न सिर्फ खाली कोनों को लाइटअप करते हैं, बल्कि हेल्थ के लिए भी बहुत अच्छे होते हैं। इसके लिए इंडोर प्लांट्स जैसे मनी प्लांट, स्नेक प्लांट या एलोवेरा एकदम परफेक्ट रहते हैं। ये न केवल हवा को शुद्ध करते हैं, बल्कि कमरे के खाली कोनों को एक नेचुरल और प्रीमियम लुक भी देते हैं। इंडोर प्लांट्स को पुराने चाइना कप में लगाकर सजाया जा सकता है। अगर जगह कम है, तो आप हैंगिंग पॉट्स का ऑप्शन भी चुन सकती हैं।

**मॉडर्न थीम:** यह थीम उन लोगों के लिए होती है, जो स्टाइल और लग्जरी पसंद करते हैं। इसमें डेकोरेशन का सामान सीधी लाइंस और जियोमेट्रिक आकारों का होता है। रंगों की बात करें तो ब्लैक, व्हाइट, ग्रे और मेटल (गोल्ड या क्रोम) फिनिश कलर्स का अधिक यूज किया जाता है। कम ऊंचाई वाले सोफे और कांच या मार्बल टॉप वाली टेबल्स से रूम को सजाया जाता है। यह थीम देखने में बहुत ही पॉलिश्ड और क्लासी लगती है।

**ट्रेडिशनल-एथनिक थीम:** अगर आपको भारतीय संस्कृति और कला से लगाव है और आप इस थीम से लिविंग रूम डेकोरेट करना चाहती हैं तो नक्काशीदार लकड़ी का फर्नीचर और पीतल के सजावटी सामान से लिविंग रूम को सजाएं। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग का कलर डार्क और वाइब्रेंट जैसे मैरून, यलो, सेफ्रॉन या डार्क ग्रीन रखें। दीवारों पर मधुबनी या वारली पेंटिंग्स, फर्श पर हाथ से बुने कालीन और पारंपरिक दीए से रूम को सजाएं।

**मिनिमलिस्ट थीम:** यह थीम छोटे अपार्टमेंट्स के लिए बेहतरीन है। लिविंग रूम में केवल उतना ही फर्नीचर और सामान रखें, जितनी जरूरत हो। इससे कमरा बहुत खाली और शांत महसूस होता है। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग के लिए व्हाइट, क्रीम और लाइट पेस्टल शेड्स का एक ही कलर चुनें।


**(इंटीरियर डिजाइनर मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# स्किन की करें प्रॉपर केयर फेस रहेगा पिंपल्स-फ्री

स्किन केयर
निधि गोयल

आपकी त्वचा साफ-सुथरी और चमकदार तभी नजर आती है, जब आप अपनी त्वचा का ख्याल सही तरीके से रखती हैं। ज्यादातर महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं, जिस कारण उनके चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं। ये मुंहासे फेशियल अपीयरेंस को बिगाड़ देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अपनी त्वचा की देखभाल ऐसे करें, जिससे आपकी त्वचा मुंहासों से बची रहे।

**फेसवॉश से चेहरे को साफ करें:** सबसे जरूरी है कि आप अपने चेहरे को नियमित अच्छी तरह से साफ करें। धूल, मिट्टी चेहरे पर चिपकने के कारण मुंहासे होने की आशंका बढ़ जाती है। आपको दिन में कम से कम दो बार चेहरा अच्छी तरह साफ करना चाहिए। त्वचा के अनुसार ही फेसवॉश का इस्तेमाल करें, क्योंकि सेंसिटिव स्किन पर हर तरह का फेस वॉश सूट नहीं करता है। अपनी त्वचा को ध्यान में रखते हुए फेस वॉश को खरीदें। बार-बार चेहरे को हाथों से छूने से बचें, क्योंकि जब आप चेहरे पर बार-बार हाथ लगाती हैं तो हाथों की गंदगी और बैक्टीरिया चेहरे की त्वचा पर लग जाते है। इससे मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए हाथों को बार-बार चेहरे पर न लगाएं।



**खूब पानी पिएं:** पानी पीना पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। आपको ध्यान रखना चाहिए कि पूरे दिन में आपको आठ से दस गिलास पानी पीना है। इससे आपकी बॉडी डिटॉक्स होती है। साथ ही शरीर में से विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे त्वचा ग्लो करने लगती है और आपको मुंहासों से भी छुटकारा मिलता है। आपका चेहरा चमकदार और साफ नजर आने लगता है।

**लें न्यूट्रीशस डाइट:** अच्छी डाइट लेना हेल्थ के लिए ही नहीं, स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। यदि आप तला-भुना और जंक फूड ज्यादा खाती हैं तो इसका असर आपकी स्किन पर भी दिखने लगता है और आपकी त्वचा पर मुंहासे निकलने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बाहर बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स और जंक फूड्स का सेवन बंद कर दें। घर के बने ताजे, पौष्टिक खाने के अलावा फल और सब्जियों का भी अधिक सेवन करें।

**तकिए का कवर साफ रखें:** अकसर हम रोज जिन चीजों का इस्तेमाल कर रहे होते हैं, वो भी हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। तकिए का कवर भी इनमें से एक है। कवर को दो-तीन दिन के अंतराल पर धो लेना चाहिए, जिससे तकिए के कवर पर जमा गंदगी और तेल आपके चेहरे पर न लग सके, क्योंकि इससे मुंहासे होने का रिस्क कम हो जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

अपनी या किसी अपने की तबियत खराब होने पर जब आप डॉक्टर के पास जाएं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# जब जाएं डॉक्टर के पास रखें इन बातों का ध्यान

सजेशन
प्रतिभा

हम सभी को अकसर ही डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। लेकिन कई लोग डॉक्टर के क्लीनिक या हॉस्पिटल जाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान नहीं रखते हैं। इससे डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ को परेशानी हो सकती है, आपके ट्रीटमेंट में असुविधा हो सकती है या आपके अगल-बगल बैठे दूसरे पेशेंट असहज महसूस कर सकते हैं। मिसाल के तौर पर कुछ महिलाएं हॉस्पिटल में भी ओवर मेकअप, एक्सपोजर वाली ड्रेसेस या स्ट्रॉन्ग स्मेल वाले परफ्यूम स्प्रे करके पहुंच जाती हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो वे किसी हॉस्पिटल में नहीं, फैशन शो या फंक्शन में आई हों। इसी तरह कुछ लोग अपनी बीमारी से जुड़े जरूरी कागजात, पुरानी प्रिस्क्रिप्शन या टेस्ट रिपोर्ट या मेडिकल हिस्ट्री लेकर नहीं जाते हैं। या डॉक्टर के पास ले जाना भूल जाते हैं। पर्याप्त जानकारी के अभाव में डॉक्टर को रोग समझने और इलाज शुरू करने में बहुत परेशानी होती है।

**रखें ध्यान:** आप जब भी किसी प्रकार की बीमारी का इलाज करवाने डॉक्टर के पास जाएं तो यहां बताई जा रही इन बातों का ध्यान अवश्य रखें।




- सबसे पहले अपनी मेडिकल फाइल के समस्त कागजों को अपडेट करें और इसे अपने साथ अवश्य ले जाएं, क्योंकि इसके माध्यम से ही डॉक्टर आपकी केस हिस्ट्री जानकर इलाज प्रारंभ कर सकेंगे।
- डॉक्टर के पास जाते समय ड्रेस सलीकेदार पहनें। बहुत टाइट या फैशनेबल ड्रेस पहनने से बचें।
- अगर आपको डेंटल प्रॉब्लम हो तो डेंटिस्ट के पास हमेशा मुंह अच्छी तरह साफ करके जाएं। दांतों के इलाज के दौरान आपको बार-बार पानी से कुल्ला करना पड़ता है, इसलिए अपने साथ एक रूमाल ले जाएं।
- फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाते समय हमेशा लूज ड्रेसेस पहनें। साथ ही क्लोज्ड या हाईनेक गले का कुर्ता या ब्लाउज पहनकर न जाएं क्योंकि ऐसे में आपके कंधे और पीठ पर मशीन लगाने में डॉक्टर को परेशानी हो सकती है। फिजियोथेरेपी के लिए साड़ी पहनकर जाने से भी बचें। यदि आप सलवार-सूट नहीं पहनती हैं तो साड़ी के अंदर लेगिंग्स या पैंट पहनकर जाएं ताकि आप पैर और कमर की एक्सरसाइज के दौरान सहजता से ऊपर उठा सकें।
- गायनी संबंधित प्रॉब्लम होने पर गायनेकोलॉजिस्ट के पास जाने से पहले अपने प्राइवेट पार्ट्स को अच्छी तरह साफ करके और साड़ी पहनकर ही जाएं। इससे डॉक्टर को चेकअप करने में सुगमता रहती ही है।
- पैथोलॉजिकल टेस्ट करवाने जाते समय फुल स्लीव्स की टाइट ड्रेस के बजाय हाफ स्लीव या लूज ड्रेस पहनकर ही जाएं ताकि बांह से सुगमता से ब्लड सैंपल लिया जा सके।
- डॉक्टर के पास कभी-भी हैवी ज्वेलरी पहनकर और मेकअप करके न जाएं।
- एक्स-रे, सीटी स्कैन या एम.आर.आई. करवाने जाते समय किसी भी प्रकार की धातु का गहना, सेफ्टी पिन, हेयर पिन या हेयर बैंड आदि न पहनें।
- डॉक्टर के पास जाने से पहले घर पर शांति से बैठकर अपनी समस्याओं के बारे में अच्छी तरह सोच लें, ताकि आप डॉक्टर को विस्तार से अपनी समस्या के बारे में बता सकें। इसके आधार पर ही डॉक्टर आपका इलाज प्रारंभ कर सकेंगे। डॉक्टर को अपनी समस्या से जुड़ी छोटी से छोटी बात और लक्षण के बारे में जरूर बताएं।



**(जे. पी. हॉस्पिटल, भोपाल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर सुधा अस्थाना से की गई बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### मंदिर में निःशुल्क स्कूल स्टेशनरी वितरण

**बरवाला।** सृष्टि फाउंडेशन निशुल्क शिक्षा केंद्र बरवाला द्वारा वार्ड नं. 8 में स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर के प्रांगण में मातृ दिवस पर निशुल्क स्कूल स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सृष्टि फाउंडेशन के डायरेक्टर सुधीर नूर ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष विकलांग अधिकार मंच हिसार कृष्ण गिरी ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के रूप में विकलांग अधिकार मंच बरवाला बाबू लाल मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधान रवि कुमार, बूटा सिंह ,सतीश कुमार, पिंकी देवी, नरेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद, नीतू , कृष्ण ओड , सतीश बुगाना, पम्मी रानी, कमलेश , राजकुमार, मधु तालू व ज्योति बिड़लान समेत स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन

**हिसार।** युवा इनेलो नेता एवं पूर्व निगम पार्षद एडवोकेट मान सिंह चौहान हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की चल रही हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण पूरे प्रदेश की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहरों, कस्बों और गांवों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सफाई कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को तुरंत प्रभाव से स्वीकार किया जाए तथा प्रदेश की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### 171 विद्यार्थियों को शिक्षा देने का संकल्प

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद की जनरल बॉडी की बैठक निजी रेस्तरां में आयोजित की गई। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि संस्था ने 2026-27 के लिए 171 विद्यार्थियों को पढ़ाने का संकल्प लिया है। सचिव अजीत कुमार एवं कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में संस्था में प्रमोद नरूला, इंद्रजीत अरोड़ा, अमित बंसल, रामकुमार व प्रदीप वर्मा को सम्मानित किया गया। प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि बैठक में 36 नए सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े दीपक अग्रवाल, मन्नू गोयल, राजेश गुप्ता, राकेश शर्मा, संजीव शर्मा, तरण महता, तिलक महता, विजय अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्य सिपाही के कंधे पर स्टार लगा किया प्रदोन्नत


**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में लेखा शाखा में तैनात मुख्य सिपाही संजय कुमार को एएसआई पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर पदोन्नत किया तथा उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि संजय कुमार वर्ष 2017 में हरियाणा पुलिस में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। वर्ष 2021 में वे पदोन्नत होकर मुख्य सिपाही बने और अब सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए हैं। उनकी यह उपलब्धि उनकी मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट सेवाओं का परिणाम है।

---

### उपमंडल परिसर में दिया धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# अध्यापकों की जनगणना में ड्यूटी लगाने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। सडीएम विकास यादव को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

सरकारी स्कूलों के अध्यापकों की जनगणना में ड्यूटी लगाने पर गांव माजरा के ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए उप मंडल परिसर पर धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी है कि अगर अध्यापकों की ड्यूटी जनगणना से नहीं हटाई गई तो वह आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। क्योंकि स्कूलों में छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

कृष्ण माजरा ने बताया कि सरकार ने जनगणना करवाने के लिए अध्यापकों की ड्यूटी लगा दी है। इससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्र पढ़ाई में काफी कमजोर हो जाएंगे इसी को लेकर उपमंडल परिसर पर सांकेतिक धरना दिया है और एसडीएम विकास यादव को ज्ञापन भी सौंपा है। सरकार अगर अध्यापकों से जनगणना करवाना चाहती है तो स्कूल के समय के बाद करवा सकती है क्योंकि स्कूलों में पहले से ही अध्यापकों की भारी कमी है और ऊपर से अध्यापक स्कूल के समय जनगणना करने के लिए चले जाते हैं ऐसे में स्कूल खाली रहते हैं। सरकार से मांग है कि जनगणना की इस कार्य को अन्य विभाग के कर्मचारियों से करवाया जाए ताकि हमारे बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो सके। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि कुछ ग्रामीण अध्यापकों की जनगणना में ड्यूटी को लेकर ज्ञापन देकर गए हैं। स्कूल में अध्यापकों की ज्यादा संख्या रहे इसके आदेश दिए गए हैं।

### जनगणना करते शिक्षक को कुत्ते ने काटा

**नारनौंद।** गांव सुलचानी में जनगणना करने के लिए गए अध्यापक को कुत्ते ने काट लिया। सरकारी स्कूलों के अध्यापक जनगणना करने के लिए जब फील्ड में पहुंचते हैं तो उन्हें अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सोमवार को नारनौंद के सरकारी स्कूल के अध्यापक धर्मवीर सिंह जनगणना के लिए जब गांव सुलचानी में पहुंचे तो एक घर पर मार्किंग करने लगे तो पीछे से कुत्ते ने उनको काट लिया। अध्यापक ने हाथ में लिए हुए बैग से अपना बचाव किया। अध्यापक जमीन पर गिर गया तो पास के घर वाले बाहर निकाल कर आए। उन्होंने अध्यापक को उठाकर घाव को साबुन के पानी से साफ करके अस्पताल तक पहुंचाया।



नारनौंद। कुत्ते काटने का घाव दिखाते मास्टर धर्मवीर सिंह।

---

# साझा संघर्ष समिति का ऐलान, 14 तक समाधान नहीं तो 15 को धरना

- रोडवेज प्रशासन पर मांगों व समस्याओं को लटकाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज की हिसार डिपो सांझा संघर्ष समिति ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किए जाने के विरोध में रोडवेज कर्मशाला प्रांगण में ऐतिहासिक एवं विशाल गेट मीटिंग करके प्रशासन को आंदोलन के लिए चेताया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने रोडवेज प्रशासन पर मांगों व समस्याओं को लटकाने का आरोप लगाया। गेट मीटिंग का संचालन मंजीत सोरखी व दर्शन जांगड़ा ने किया।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पिछले काफी समय से लंबित हैं। इसको लेकर संघर्ष समिति द्वारा डिपो महाप्रबंधक को 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर मांगों का समाधान करने की अपील की जा चुकी है, लेकिन सरकार व प्रशासन का कर्मचारियों की मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं है।

गेट मीटिंग में संघर्ष समिति ने आगामी आंदोलन की घोषणा करते हुए प्रशासन का चेतावनी दी कि यदि 14 मई तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 15 मई से धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं की गई तो 18 मई को डिपो महाप्रबंधक का घेराव किया जाएगा। समिति ने कहा कि यदि प्रशासन ने इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं किया तो 19 मई से भूख हड़ताल प्रारंभ की जाएगी।

#### डबल व ट्रिपल इंजन सरकार का फायदा नहीं

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वरिष्ठ इनेलो नेता एवं प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह आंदोलनरत कर्मचारी व किसान वर्ग के रोष को समझें और उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कभी डबल इंजन तो कभी ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का नारा देकर अपना उल्लू सीधा करते हैं लेकिन इन डबल व ट्रिपल इंजन का न तो जनता को फायदा हुआ और न ही कर्मचारी वर्ग को और न ही किसानों को फायदा हुआ।

#### ये रहे उपस्थित

गेट मीटिंग में डिपो की विभिन्न यूनियनों के प्रधान संदीप जैनावास, कर्मबीर मसूदपुर, जितेंद्र शर्मा, अनूप श्योकंद, राजेश जांगड़ा, बजरंग लाखा, विकास सिसाय, जोगेंद्र पंघाल, अमित जुगलान, सुरेश सैनी, नरेंद्र सोनी, नरेंद्र खरड़, राजबीर ढुहन, शिव कुमार श्योराण, अजय ढुहन, सलीम, अनिल सरसाना, प्रदीप डाबड़ा, अजीत रोहिल्ला सहित डिपो के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# खांडा खेड़ी के डॉ. नवदीप बने फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष

- नर्सिंग शिक्षा, छात्र कल्याण, संस्थागत विकास में योगदान का मिला इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



डॉ. नवदीप सिंह।

ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सिस फेडरेशन ने नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पित कार्यशैली तथा संस्थागत नेतृत्व को मान्यता देते हुए इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग खांडा खेड़ी के डॉ. नवदीप सिंह को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। फेडरेशन द्वारा जारी नियुक्ति-पत्र में कहा गया है कि डॉ. नवदीप सिंह ने नर्सिंग शिक्षा, छात्र कल्याण, संस्थागत विकास और पेशेवर समन्वय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके कार्यों ने न केवल नर्सिंग समुदाय को सशक्त किया है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका को भी और अधिक प्रभावशाली बनाया है।

फेडरेशन ने विश्वास व्यक्त किया है कि डॉ. नवदीप सिंह के नेतृत्व में हरियाणा में नर्सिंग बिरादरी के हितों, अधिकारों और समस्याओं के समाधान की दिशा में संगठित एवं सशक्त प्रयास किए जाएंगे।

संगठन ने यह भी कहा कि उनके मार्गदर्शन में राज्य में नर्सिंग पेशे की गरिमा, एकता और सक्रिय भागीदारी को नई दिशा मिलेगी। ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सिस फेडरेशन ने डॉ. नवदीप सिंह को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए आशा जताई है कि वे अपनी नेतृत्व क्षमता, अनुभव और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन डॉ एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण और प्रशासक श्री मंदीप सिंधु ने भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है।

---

# मानसून से पहले सीवरेज व बरसाती नालों की सफाई और मरम्मत कराएं

- निगमायुक्त ने निगम, जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त नीरज। फोटो : हरिभूमि

मानसून से पहले सीवरेज, जीटी व बरसाती नालों की सफाई को लेकर निगमायुक्त नीरज ने नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग व शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की। निगमायुक्त ने कहा कि मानसून शुरू होने से पहले सभी सीवर लाइनों और बरसाती नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एचएसवीपी अधिकारियों को विशेष रूप से सेक्टर 13, सेक्टर 9-11 और सेक्टर 16-17 के सीवरेज लाइनों की सफाई जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर 13 में बंद पड़ी सीवरेज को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने या उसके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा सेक्टर 14 और सेक्टर 33 की सीवरेज लाइनों की मरम्मत और सफाई कार्य भी शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने बरसाती पानी की निकासी को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त मोटर पंप की व्यवस्था करने को कहा। ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स रोड पर मेनहॉल की मरम्मत और सफाई कार्यों को भी पूरा करने के निर्देश दिए गए। जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात से पहले सभी जीटी और बरसाती नालों की सफाई पूरी की जाए। इस पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि 15 मई से कार्यों की शुरुआत कर दी जाएगी। शहर में जल निकासी को सुदृढ़ बनाने के लिए दो प्रमुख ड्रेनेज लाइनों के निर्माण कार्य को भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। इनमें लाहौरिया चौक से ऑटो मार्केट होते हुए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) की दीवार के पास तक तथा पुरानी सब्जी मंडी चौक से शांति नगर टंकी चौक होते हुए जलेबी चौक तक नई लाइनें डाली जानी प्रस्तावित हैं।

#### यह रहे उपस्थित

बैठक में एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार रेड्डू, एसडीओ जसबीर पंघाल, एसडीओ संजय दूहन, जेई हरीश, जेई धीरज, एचएसवीपी के एक्सईएन भूपेन्द्र सिंह, एसडीओ कुलदीप बिश्नोई और जेई वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

---

## न्यूज डायरी

### आकाशीय बिजली से बचाव को एडवाइजरी जारी



**हांसी।** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव एवं आंधी-तूफान के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों के लिए सावधानी संबंधी एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता बरतकर जनहानि और दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से मौसम खराब होने के दौरान विशेष सावधानी बरतने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उपायुक्त ने बताया कि यदि गर्जना सुनाई दे तो इसे खतरे का संकेत मानते हुए तुरंत सुरक्षित भवन या आश्रय स्थल में चले जाएं। खुले स्थानों, खेतों, पेड़ों के नीचे तथा बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचें। उन्होंने कहा कि टिन की छत अथवा धातु की चादरों वाले अस्थायी ढांचों में शरण लेना भी जोखिमपूर्ण हो सकता है। डीसी नरवाल ने कहा कि आकाशीय बिजली के दौरान धातु की वस्तुओं का उपयोग न करें तथा बिजली की तारों और विद्युत उपकरणों से दूरी बनाए रखें। घर के अंदर रहने की स्थिति में सभी अनावश्यक विद्युत उपकरणों के प्लग निकाल दें और लैंडलाइन फोन का प्रयोग न करें। खिड़कियों और दरवाजों से दूर रहें तथा बरामदों में खड़े होने से बचें।

### नहरों में नहाने से होने वाले हादसों पर पुलिस सख्त



**हांसी।** गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के साथ नहरों, तालाबों व अन्य जल स्रोतों में नहाने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा आमजन के लिए विशेष सुरक्षा एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर वर्ष गर्मियों के दौरान कई युवक व बच्चे बिना सुरक्षा उपायों के नहरों, तालाबों और गहरे जल स्रोतों में नहाने चले जाते हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। तेज बहाव, अधिक गहराई तथा पानी की सही जानकारी न होने के कारण छोटी सी लापरवाही भी बड़ा हादसा बन सकती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें नहरों व गहरे पानी वाले स्थानों पर जाने से रोकें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नहरों में नहाना, शराब या किसी प्रकार का नशा करके जल स्रोतों के आसपास बैठना न केवल खतरनाक है बल्कि कानूनन गलत भी है। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### आरडीएम स्कूल में बच्चों ने मनाया मदर्स डे

**उकलाना।** आरडीएम स्कूल में सोमवार को मदर्स डे स्पेशल कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। पीटीएम के दौरान विद्यालय में पहुंची सभी माताओं का विशेष सम्मान किया गया तथा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। एक्टिविटी इंचार्ज मंजूषा भाटिया ने उपस्थित माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स आयोजित करवाए, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खूब आनंद उठाया।

### म्यूजिकल चेयर रेस में सुनीता ने हासिल की जीत

**हिसार।** शहर के बीडी मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर माताओं का तिलक लगाकर अभिवादन किया गया। ईश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। माताओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं करवाई गईं। शब्द खोज प्रतियोगिता में सीमा, रजनी व पूजा, चित्रकला प्रतियोगिता में संतोष व नीतू, धागे द्वारा कढ़ाई में अंजनी व मीना, संगीत प्रतियोगिता में अंजली, गीता व सरोज, म्यूजिकल चेयर रेस में सुनीता विजेता रही। विजेता माताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### आर्य भट्ट मॉडल स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**हिसार।** गांव आर्यनगर स्थित आर्य भट्ट मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं मनोरंजनात्मक टूर का आयोजन किया गया। यह टूर किंग्स लैंड वाटर वर्ल्ड, मदीना रोड, रोहतक में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने वाटर राइड्स, वेव पूल एवं रेन डांस का भरपूर आनंद लिया। टूर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

---

# चिकित्सा क्षेत्र में आधार हॉस्पिटल हिसार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

- क्षेत्र की पहली 3डी कस्टम-प्रिंटेड बोन सब्स्टीट्यूट प्रोस्थेसिस सर्जरी का किया सफल प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। चिकित्सकों की निगरानी में चलता मरीज।

आधुनिक चिकित्सा तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एक बार फिर हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। शहर के आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डॉक्टरों ने क्षेत्र की पहली कस्टम-प्रिंटेड बोन सब्स्टीट्यूट प्रोस्थेसिस सर्जरी सफलतापूर्वक कर एक मरीज का पैर बचाने में सफलता प्राप्त की है। इस जटिल सर्जरी को ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम जैन एवं विशेषज्ञ डॉ. आर्यन शर्मा की टीम ने साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज गंभीर बोन लॉस (हड्डी के बड़े हिस्से के नुकसान) से पीड़ित था, जिसके कारण पैर काटने की स्थिति बन रही थी। लेकिन अत्याधुनिक 3डी कस्टम-प्रिंटेड बोन सब्स्टीट्यूट प्रोस्थेसिस तकनीक के माध्यम से डॉक्टरों ने मरीज के पैर को सुरक्षित रखने में सफलता हासिल की।

डॉ. विक्रम जैन ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह तकनीक मरीज की आवश्यकता के अनुसार विशेष रूप से 3डी कस्टम-प्रिंटेड बोन सब्स्टीट्यूट तैयार की जाती है, जिससे सर्जरी का परिणाम अत्यधिक सटीक एवं प्रभावी होता है। इस उपलब्धि ने हरियाणा में उन्नत ऑर्थोपेडिक उपचार की नई संभावनाओं को और सुदृढ़ किया है।



हिसार। शिविर में योगाभ्यास करते योग साधक। फोटो : हरिभूमि

### योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान

**हिसार।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर-15 स्थित चौधरी भजनलाल आवास के सामने सिटीजन पार्क में सोमवार को 5 दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर कमलेश सिहाग, आजीवन सदस्य पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस पर पतंजलि प्रभारी हिसार वीरेन्द्र बड़ाला एवं मांगेराम वैदिक विद्यार्थी ने उपस्थित साधकों को योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, यौगिक जॉगिंग एवं ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग को स्वस्थ तन, शांत मन एवं सकारात्मक जीवनशैली का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी नागरिकों से इसे दैनिक दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि यह योग एवं स्वास्थ्य शिविर 15 मई तक चलेगा। शिविर का उद्देश्य प्रत्येक घर तक योग, प्राणायाम, स्वास्थ्य जागरूकता एवं भारतीय जीवन मूल्यों का संदेश पहुंचाना है, ताकि समाज स्वस्थ, जागरूक, अनुशासित एवं तनावमुक्त बन सके। इस अवसर पर उर्मिल मलिक, ओमप्रकाश, वीरेन्द्र पंघाल, राजवीर सिंह बल्हारा, बलराम बाघू, राकेश सहरावत, पुष्कर दत्त, सुरेश गोदारा, सरला आर्य, सुशीला सिंधु, संदीप कुमार, कृष्णा बूरा, सुनीता भाकर आदि मौजूद थे।

---

### पुलिस ने खंगाले रिकॉर्ड, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# होटल, ढाबों और गेस्ट हाउसों में चला चेकिंग अभियान

#### संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। चेकिंग अभियान के दौरान गेस्ट हाउस का रजिस्टर चेक करते पुलिस अधिकारी

जिला में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा शहर के होटल, ढाबों, गेस्ट हाउस, लॉज एवं पीजी संस्थानों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न होटल, ढाबों एवं गेस्ट हाउसों में जाकर ठहरने वाले व्यक्तियों के रिकॉर्ड की जांच की गई। साथ ही संचालकों को निर्देश दिए गए कि बिना पहचान पत्र किसी भी व्यक्ति को कमरा अथवा ठहरने की अनुमति न दी जाए।

पुलिस अधिकारियों ने संचालकों को हर समय पोर्टल पर आगंतुकों का रिकॉर्ड समय-समय पर अपडेट करने तथा प्रत्येक व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं पहचान संबंधी विवरण सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों ने होटल एवं ढाबा संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

#### 860 वाहनों की जांच, 291 के काटे चालान

*हिसार। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष गश्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत पैदल गश्त के साथ पीसीआर, राइडर एवं ईआरवी टीमों द्वारा शहर तथा आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इसी क्रम में जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 860 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 291 वाहन चालकों के चालान किए गए, जिनमे 04 ड्रिंकिंग के चालान, 04 चालान बिना नंबर प्लेट, 04 ट्रिपल राइडिंग, 57 लाइन चेंज के चालान शामिल है। इससे स्पष्ट होता है कि पुलिस यातायात नियमों के पालन को लेकर पूरी तरह गंभीर है।*

---

# विशेष अभियान में लाखों रुपये के नशीले पदार्थ और नकदी बरामद

- अवैध शराब, गांजा, हेरोइन एवं जुआ के धंधेबाजों के खिलाफ चला पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस द्वारा नशा तस्करों, अवैध शराब कारोबारियों तथा जुआ-सट्टा गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से अब तक आबकारी अधिनियम के तहत 73 मुकदमे दर्ज कर 84 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने 5116.5 बोतल देशी शराब, 64.25 बोतल कच्ची शराब, 283 बोतल अंग्रेजी शराब, 646 बोतल बीयर तथा 1070 लीटर लाहण बरामद किया है। वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत हांसी पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 25 मामले दर्ज कर 45 आरोपियों को गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 396 ग्राम 49 मिलीग्राम अफीम, 90 किलो 248 ग्राम गांजा, 2 किलो 553 ग्राम सुल्फा, 89.36 ग्राम हेरोइन तथा 11 किलो 250 ग्राम अफीम के पौधे बरामद किए हैं। जुआ अधिनियम के तहत 46 मुकदमे दर्ज कर 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 9 लाख 91 हजार 700 रुपये की नकदी बरामद की गई। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि जिले में नशा तस्करी, अवैध शराब एवं जुआ-सट्टा में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# एएम इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे

**बरवाला।** जींद रोड स्थित ए.एम. इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल खरक पुनिया के प्रांगण में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपनी मां व दादी मांओं के साथ रंगारंग कार्यक्रम हरियाणवी परिधान, रस्सा कस्सी व मटका दौड़ में शामिल होकर खूब इंजॉय किया।मटका दौड़ में प्रथम स्थान रीनु ब्याना खेड़ा और द्वितीय स्थान मनजीत ढाड तथा तृतीय स्थान बबीता ढाड ने प्राप्त किया। रस्सा कस्सी में पूजा खरक, मनजीत ढाड, सुमन ढाड, सीमा बधावड, मनप्रीत बधावड, रीनु गुराना ,गीता खरक पुनिया, नन्ही खरक पुनिया ,बबीता ढाड, कृष्णा खरक पुनिया , सुशीला गुराना, रिंकल बधावड व राजबाला खरक पुनिया ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### ईआरवी की मुस्तैदी से 8 साल से फरार पीओ काबू

**हिसार।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में तैनात ईआरवी/पीसीआर पुलिस ने एक पीओ को काबू करने में सफलता हासिल की है। उक्त आरोपी पिछले 8 साल से फरार था। सिविल लाइन थाना क्षेत्र ईआरवी 324 के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक जयवीर ने बताया कि सूचना के आधार पर एक पीओ को काबू किया गया है। आरोपी पीओ की पहचान मोहना मंडी हिसार के सौरभ गुप्ता के रूप में हुई है। आरोपी इससे पहले अदालत से चैक बाउंस मामले में लगभग 8 साल से पीओ घोषित था। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### खेत के कोठे से गेहूं चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**बरवाला।** पुलिस ने खेत के कोठे का ताला तोड़कर गेहूं चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राजली निवासी रमेश के रूप में हुई है। बरवाला थाना बरवाला प्रभारी निरीक्षक करमजीत ने बताया कि जांच अधिकारी जयदीप की टीम ने उक्त आरोपी के काबू किया है। इस संबंध में बाडो पट्टी निवासी संदीप कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार राजली रोड स्थित उसके खेत के कोठे का ताला तोड़कर किसी ने गेहूं के कट्टे चोरी किए थे। वारदात के दौरान, शिकायतकर्ता के परिजनों और ग्रामीणों की मदद से एक आरोपी गांव के ही रमेश कुमार को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ और जांच के आधार पर आरोपी रमेश कुमार के कब्जे से चोरी हुए दो कट्टे गेहूं बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल आरोपी छोटा निवासी सरसौद की तलाश जारी है।

### सरेआम सट्टा खाईवाली में एक आरोपी दबोचा

**हांसी।** किला बाजार पुलिस चौकी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को 7550 रुपये के साथ काबू किया है। आरोपी की पहचान गोल कोठी निवासी राकेश के रूप में हुई है। एएसआई मुनीष कुमार ने बताया कि नाकाबंदी एवं गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गोल कोठी स्थित शिव मंदिर के पास सरेआम सड़क पर सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है सूचना अनुसार पुलिस ने मौके पर पहुंच एक आरोपी को काबू कर शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके पास से सट्टा पर्ची व 7550 रुपए बरामद कर आरोपी पर थाना शहर हांसी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं ने जाना सोमनाथ मंदिर का गौरवशाली इतिहास

# श्रद्धा, संस्कृति व स्वाभिमान का संगम बना सोमनाथ महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

भारत की सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान को समर्पित जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान महोत्सव सोमवार को श्री शिव मंदिर सीसवाल धाम परिसर में श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महोत्सव के दौरान सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अरुणाय धाम पेहवा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम का भी वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इसके उपरांत महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोषों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलश यात्रा के साथ धार्मिक माहौल में मंदिर परिसर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

अपने संबोधन में विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक बार मंदिर को ध्वस्त करने के प्रयास किए गए, लेकिन भारतीय समाज की श्रद्धा, त्याग और समर्पण ने हर बार इसे पुनः स्थापित किया। यह भारत की सनातन संस्कृति की जीवंत शक्ति और समाज की एकजुटता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

महोत्सव के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से सोमनाथ मंदिर और देश के गौरवशाली इतिहास से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने विशेष रुचि दिखाई और जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में संत-महात्माओं ने अपने प्रवचनों में भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक चेतना की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपायुक्त महेंद्र पाल, एडीसी उत्सव आनंद, समाजसेवी जगदीश जिंदल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, ललित शर्मा, श्री शिव मंदिर सीसवाल धाम प्रधान घीसा राम जैन, रोहताश, तरसेम गोयल, हनुमान, सुभाष, रोहतास सैनी, डॉ शेरसिंह सैनी, अजीत सिंह, सरपंच पालेराम, बलवंत जौहर, रामचन्द्र, धारा राम सैनी, रामनिवास सैनी, समीर सैनी, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हिसार। जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान महोत्सव के दौरान सीसवाल धाम में पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।



## केवल मंदिर नहीं, भारत के आत्म गौरव व सनातन चेतना का प्रतीक है सोमनाथ

- सोमनाथ का इतिहास हमें सिखाता है कि आस्था और संकल्प से हर पुनर्निर्माण संभव है : भयाना

**हांसी।** बजरंग आश्रम में सोमवार को जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति और राष्ट्र गौरव के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की। इस अवसर पर रास सांसद सुभाष बराला ने सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार वर्ष की 75वीं वर्षगांठ पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और केएम मुंशी ने गुलामी के प्रतीकों को हटाकर राष्ट्र की सनातन चेतना को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, गौरव और सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, भारत की सांस्कृतिक चेतना और गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का अवसर है। सोमनाथ मंदिर का इतिहास हमें यह प्रेरणा देता है कि चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां आएं, यदि आस्था और संकल्प मजबूत हो तो पुनर्निर्माण और पुनरुत्थान संभव है। इस अवसर पर एडीसी लक्षित सरीन, एसडीएम राजेश खोथ, डीईओ विनोद कुमार, राजपाल यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हांसी जिला प्रभारी सुनीता डांगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयवीर माजरा, सुखविंदर जाखड़, धर्मवीर रतेरिया, तनुज खुराना व रवि अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### कलश यात्रा निकाली

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ से तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से नागरिकों को वीसी से संबोधित किया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से पवन धाम बजरंग आश्रम तक कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय तथा प्रदेश के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सोमनाथ मंदिर की एक हजार वर्ष की गौरव गाथा के विषय में प्रदर्शनी लगाई गई।

# अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं : अरोड़ा

- 'भारत में महिलाओं से संबंधित कानून' विषय पर पंचनद शोध संस्थान में गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं पंचनद शोध संस्थान (प्रज्ञा प्रवाह) महिला आयाम द्वारा 'भारत में महिलाओं से संबंधित कानून' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद पंचकूला के पूर्व अध्यक्ष एवं पंचनद शोध संस्थान चंडीगढ़ के अध्यक्ष प्रो.बीके कुठियाला की अध्यक्षता में आयोजित इस विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रज्ञा प्रवाह महिला आयाम प्रमुख मोनिका अरोड़ा, पंचनद की महिला आयाम प्रमुख डॉ. मुदिता वर्मा व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मंच पर उपस्थित रहे।

अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा ने भारतीय संस्कृति और प्राचीन काल में महिलाओं की स्थिति पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति में नारी को देवी स्वरूप माना गया है। हम मां दुर्गा को शक्ति, मां सरस्वती को ज्ञान और मां लक्ष्मी को समृद्धि की देवी के रूप में पूजते हैं। वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में सुधार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि हमारे संविधान में महिलाओं को समाज में सुरक्षा, सम्मान और समानता प्रदान करने के लिए विभिन्न कानून बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उससे निजात मिल सके।



हिसार। गोष्ठी को संबोधित करती मुख्य वक्ता मोनिका अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

### हर महिला का अधिकार-सुरक्षा, समानता और सम्मान : प्रो. कुठियाला

प्रो. बीके कुठियाला ने अपने संबोधन में कहा कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत में नारी को केवल परिवार की सदस्य नहीं बल्कि मां, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में जीवन का आधार माना गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की प्रगति का वास्तविक मापदंड वहां की महिलाओं की स्थिति से लगाया जा सकता है। भारत में महिलाओं को प्राचीन काल से सम्मान दिया गया है लेकिन समय के साथ अनेक सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के कारण महिलाओं को कई कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा। हमारे देश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कानून भी बनाए गए हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में आए हुए सभी नागरिकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र हिसार के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह, संस्थान के संरक्षक ज्ञानचंद बंसल आदि उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों से किया एकजुट होने का आह्वान

**हिसार।** गुजवि के चौ. रणबीर सिंह सभागार में ऑल हरियाणा विश्वविद्यालय फेडरेशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ एवं फेडरेशन के प्रधान चरण दास अठवाल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए चरणदास अठवाल ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी होगी। कर्मचारी हरियाणा सरकार की उपेक्षा के कारण उनको मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं और उनको सही समय पर लाभ नहीं मिल पाता है।

बैठक में हरियाणा के विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। जिसमें विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए मेडिकल कैशलेस फैसिलिटी उपलब्ध करवाना, पुरानी पेंशन बहाल करना, सभी विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता बहाल करने, कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बैठक में एमडीयू रोहतक के प्रधान सुरेश शर्मा, महासचिव विजयपाल, केयूके प्रधान राजवंत कौर, आईजीयू मीरपुर प्रधान विकास चौधरी, महासचिव हनुमंत यादव, डीसीआरयू के प्रधान सुरेश दुहन, महासचिव प्रवेश त्यागी, लुवास प्रधान तरुण तनेजा, महासचिव जयविन्द्र, एचएयू. प्रधान सुनील कुमार, महासचिव दिनेश राड़ सहित गुजवि कर्मचारी कल्याण संघ उपप्रधान नेकी राम बिश्नोई, सचिव मनीष कुमार भारद्वाज, माया देवी, ईश्वर सिंह दुड़ा, राममेहर दुहन, नवीन पूनिया, सुन्दर सिंह, मुकेश जांगड़ा, नीवन टुटेजा, महेन्द्र सिंह आदि थे।

## न्यूज डायरी



### श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल के छात्र ने पास की एनडीए परीक्षा

**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के छात्र हेमंत सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की ओर से हुई राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा के 8 मई को घोषित परिणाम में सफलता प्राप्त की है। हेमंत सिंह की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है और यह संदेश देती है कि निरंतर प्रयास और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम जमावड़ी से हेमंत की माता सुशीला देवी एवं उनके मामा ने शिरकत की। विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल कुमार व मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने हेमंत सिंह को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव एवं सचिव सत्यवान यादव ने हेमंत सिंह को बधाई दी।



### आरपीएस पब्लिक स्कूल में मनाया वर्ल्ड टेक्नोलॉजी डे

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को वर्ल्ड टेक्नोलॉजी डे पर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के महत्व एवं उसके प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर संदेश दिया कि टेक्नोलॉजी आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, लेकिन इसका अत्यधिक एवं गलत उपयोग अनेक समस्याओं को जन्म दे सकता है। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे एवं संदेशपूर्ण पोस्टरों के माध्यम से बच्चों ने सुरक्षित टेक्नोलॉजी, सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया। विद्यालय प्राचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी आज शिक्षा, विज्ञान और संचार के क्षेत्र में नई क्रांति ला रही है। निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों को तकनीक का सदुपयोग करने एवं समय प्रबंधन सीखने के लिए प्रेरित किया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में टेक्नोलॉजी डे मनाया

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में टेक्नोलॉजी डे अत्यंत उत्साह, रचनात्मकता और नवीन सोच के साथ मनाया गया। कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम टेक उड़ान 2026–एआई एवं नवाचार के साथ भविष्य की ओर उड़ान विद्यार्थियों की तकनीकी प्रतिभा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन रहा। विद्यालय परिसर को भूतकाल से भविष्य तक एआई की यात्रा विषय पर अत्यंत आकर्षक रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों द्वारा किए गए लाइव रोल-प्ले, एआई थीम आधारित सजावट और तकनीकी मॉडल सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यक्रम के दौरान रोबो रेस, ड्रोन फ्लाइंग, ऐप डेवलपमेंट, कोडिंग मॉडल तथा प्रोजेक्ट प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां हुईं। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने, नवाचार की दिशा में सोच विकसित करने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।



# विद्यार्थियों को जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक बनाना जरूरी : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मूल्य-निष्ठ और जागरूक नागरिकों से होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने विद्यार्थियों को केवल कुशल इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रबंधक या तकनीकी विशेषज्ञ ही न बनाएं, बल्कि उन्हें संवेदनशील जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक भी बनाएं। प्रो. नरसी राम बिश्नोई सोमवार को यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज (यूएचवी) सेल एवं मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से हुए आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने की। यूएचवी रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. मुंशी यादव, एफडीपी समन्वयक डॉ. विजय पाल सिंह, यूएचवी ऑब्जर्वर डॉ. सुनीता व सह-समन्वयक डॉ. चरणजीत मदान भी मंच पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी इसी बात पर विशेष बल देती है कि शिक्षा का केंद्र केवल सूचना और कौशल न होकर मानवीय मूल्यों, नैतिकता और समग्र व्यक्तित्व विकास पर आधारित होना चाहिए। एआईसीटीई द्वारा यूएचवी कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देना इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। आज विज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस तीव्र युग में दुनिया ने अभूतपूर्व प्रगति की है। हमारे पास संसाधन बढ़े हैं, सुविधाएं बढ़ी है। लेकिन यदि मनुष्य के भीतर संवेदनशीलता, नैतिकता, संयम और मानवीय दृष्टि का अभाव हो जाए, तो विकास का यह स्वरूप समाज में तनाव, असंतुलन और असंतोष भी उत्पन्न कर सकता है। एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि इस कार्यशाला में कुल 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें गुजविप्रौवि से 30 तथा अन्य संस्थानों से आए 15 शिक्षक शामिल थे। इस मौके पर यूएचवी रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. मुंशी यादव,एफडीपी समन्वयक डॉ. विजय पाल सिंह, यूएचवी ऑब्जर्वर डॉ. सुनीता आदि मौजूद थे।



# विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है करियर संबंधी सही जानकारी : डॉ. सैनी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को उनके केरियर से संबंधित मार्गदर्शन व जानकारी देने के लिए विशेष पहल की गई है। विश्वविद्यालय में सोमवार से 'एक्सप्लोर यूअर फ्यूचर/गुजविः केरियर काउंसलिंग 2026' कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग सेल के सौजन्य से यह कार्यक्रम 15 मई तक चलेगा। आगंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के सीआरएस ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल-1 में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा उनके केरियर से संबंधित जानकारियां दी जाएंगी। करियर काउंसलिंग सेल की निदेशक डॉ. मोनिका सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य 12वीं, डिप्लोमा एवं यूजी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक सुविधाओं तथा कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि करियर संबंधी सही जानकारी विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है और उन्हें बेहतर अवसरों के लिए तैयार करती है। उप निदेशक डॉ. उस्मान अली ने बताया कि विद्यार्थियों को बी.टेक., एम.टेक., एमबीए, एमसीए, बी.कॉम., एम.कॉम., बी.फार्मा, एम.फार्मा, बीएससी., एमएससी, बीए, बीएड तथा बीएएलएलबी सहित अन्य पाठ्यक्रमों एवं रोजगारोन्मुख अवसरों के बारे में अवगत कराया गया।



हिसार। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों एवं भविष्य की संभावनाओं की जानकारी देते विषय विशेषज्ञ।



हिसार। बैग व पानी की बोतल वितरित करते कर्मचारी।

### रेड क्रॉस में नेत्रहीन बच्चों को बांटे बैग व पानी की बोतलें

हिसार। कृष्ण नगर स्थित डीएचबीवीएन के शाखा परिसर की ओर से बैग शिविर लगाया गया। रेड क्रॉस में नेत्रहीन बच्चों को 80 बैग और पानी की बोतल उपलब्ध करवाई। बैग व बोतल वितरण में निगम के कर्मचारियों ने योगदान दिया। इस मौके पर सुरेंद्र फौजी, अनिल वर्मा, त्रिलोक शर्मा, बिजेंद्र, राजकुमार, परमजीत सिंह सैनी, विजय फौजी, अजय रोहिल्ला, मनोज, लोकेश, सोमवीर जांगड़ा, प्रदीप, रवि, विपिन कपिल आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

कार्यक्रम | लुवास और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान आदमपुर में मनाया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

# प्रौद्योगिकी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय (डीएचआरएम) की ओर से वेटरनरी एनाटॉमी लेक्चर हॉल में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं नवाचार से जुड़े हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है और विश्वविद्यालयों को ऐसे नवाचार केंद्रों के रूप में कार्य करना चाहिए, जहां विचारों को समाज के लिए उपयोगी समाधानों में परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल तकनीक का उपयोगकर्ता नहीं, बल्कि नवाचार का निर्माता बनना होगा। कृषि, पशुपालन एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में नई तकनीकों का प्रभावी उपयोग व्यापक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना भी है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि एग्री इनोवेट इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रवीण मलिक ने 'इनोवेशन टू एंटरप्राइज : ए ट्रांसफॉर्मेटिव इनिशिएटिव बाय एग्रीइनोवेट इंडिया' पर मुख्य व्याख्यान दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रचना के स्वागत भाषण से हुई। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. सोनिया सिंधु ने संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का परिचय प्रस्तुत किया। डॉ. अमन मुद्गिल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।





आदमपुर। प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

### विज्ञान व तकनीक आधारित नवाचारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक आधारित नवाचारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ प्राध्यापक विवेक दलाल के निर्देशन में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजेश वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीक का युग है और युवा पीढ़ी को नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी दक्षता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इसके साथ ही प्राध्यापक सुनील धीमान व मनोज कुमार के निर्देशन में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें 11 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए।